# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–09 मार्च 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज मेरठ के चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित ऋण वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की प्रगति में आने वाली हर बाधा को दूर करने के लिये सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि चौबीस जनवरी को शुरू की गयी सीएम युवा उद्यमी स्कीम को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला है। योजना के तहत एक लाख आवेदनों के लक्ष्य के सापेक्ष दो लाख सड़सठ हजार से अधिक युवाओं ने आवेदन किया है। इनमें से पचीस हजार को ऋण वितरण का काम भी शुरू कर दिया गया है।

***अपने मेहनत पर विश्वाश करने वाले ऐसे युवाओं को प्रोत्साहित करने जो अपने पैरो पर खड़ा होना चाहते हैं। अपने माँ बाप का संबल बनना चाहते हैं। उन युवाओं के लिए हम लोगों ने व्यव्स्था दिए है कि पहले चरण में पांच लाख रूपये तक व्याज मुक्त ऋण हम उपलब्ध कराएंगे। यानि जो भी अपके द्वारा ऋण लिया जाएगा। उसमें जो भी इन्ट्रेसट होगा। उस ऋण पर आने वाले व्याज की पूरी राशि सरकार उसका भुगतान करेगी और सब मार्जिंग मनी आपको जमा करना पड़ेगा सरकार भी आपको मार्जिंग मनी उपलब्ध करवा रही है। अनुसूचित जाति, जनजाति, महिलाओं के लिए इसमें विशेष प्रवधान हम लोगों ने दिया हुआ है।***

मुख्यमंत्री ने आठ साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि इस दौरान पन्द्रह लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश को जमीन पर उतारा गया जिससे सात लाख युवाओं को रोजगार मिला। उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए बताया कि छाछठ करोड़ तीस लाख श्रद्धालुओं ने इसे सुरक्षित और श्रद्धापूर्वक अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने इससे पहले मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया।

**********

रंगभरी एकादशी को लेकर चल रहे उत्सव की श्रृंखला में मथुरा श्रीकृष्ण जन्मस्थल से भेंट की गयी अबीर एवं उपहार सामग्री को आज वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के गर्भगृह में अर्पित किया गया। मंदिर न्यास का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र और डिप्टी कलेक्टर शम्भु शरण ने विधि–विधानपूर्वक श्री विश्वेश्वर का पूजन किया और उन्हें हर्बल गुलाल चढ़या। इसके बाद बाबा विश्वनाथ की चल रजत प्रतिमा की पालकी मंदिर चौक में निकाली गई। यह यात्रा श्रद्धालुओं एवं स्थानीय काशिवाशियों के बीच एक विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। हजारों श्रद्धालुओं ने इसमें भाग लिया और बाबा विश्वनाथ एवं मां गौरा की प्रतिमा पर हल्दी लगाने की प्रथा का निर्वहन किया, जो इस उत्सव की एक अहम धार्मिक परंपरा है। वहीं दोपहर बाद बाबा विश्वनाथ और गौरा की हल्दी रस्म में महानिर्वाणी अखाड़ा के नागा साधुओं और संतों ने बाबा की रजत प्रतिमा को हल्दी चढ़ायी और संकल्प के बाद काशी विश्वनाथ का दर्शन किया।

**********

गरीबी उन्मूलन के लिये प्रदेश सरकार की ओर से चलाये जा रहे जीरो पावर्टी अभियान के तहत गोरखपुर मण्डल में एक लाख से अधिक परिवारों का सर्वे कर लिया गया है। एक रिपोर्ट–

***उपनिदेशक पंचायती राज हिमांशु शेखर ठाकुर ने बताया कि गोरखपुर में सबसे अधिक इकतीस हजार चार सौ पंचानबे, देवरिया में चौबीस हजार चार सौ इकतीस, कुशीनगर में बाइस हजार आठ सौ चौंसठ और महराजगंज में इक्कीस हजार आठ सौ इकहत्तर परिवार चिन्हित किये गये हैं उन्होंने बताया कि इन परिवारों के सत्यापन का कार्य लगभग पूरा होने को है। शासन की ओर से अक्टूबर दो हजार पचीस तक प्रदेश को देश का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाने का निर्णय किया गया है। श्री ठाकुर ने बताया कि इस अभियान के तहत मकान, शिक्षा और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे सभी परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिये सरकार, सभी योजनाओं का लाभ मुहैया करायेगी। सबसे पहले जिन परिवारों के पास आवास नहीं है उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास मुहैया कराये जायेंगे। समाचार कक्ष से कुमार अरूण।***

**********

आई.सी.सी. चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आज दुबई के इंटरनेशनल स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा है। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। भारतीय टीम का उत्साहवर्धन करने के लिए हजारों की संख्या में प्रशंसक दुबई में मौजूद हैं। प्रदेश के क्रिकेट प्रेमियों में भी मुकाबले को लेकर काफी उत्साह है। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अब तक शानदार खेल का प्रदर्शन किया है और वो अपराजित रही। शाम पौने छः बजे तक न्यूजीलैण्ड की टीम अड़तालीस ओवर में छः विकेट के नुकसान पर दो सौ सत्ताइस रन बना चुकी थी।

**********

अयोध्या के राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर बीती रात गोरखपुर से दिल्ली जा रही एक डबल डेकर बस पिलर से टकराने के बाद पलट गई, जिससे एक यात्री की मौत हो गई जबकि बत्तीस लोग घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतक गोरखपुर का रहने वाला था। वहीं, घायलों में अधिकांश यात्री नेपाल, गोरखपुर, कुशीनगर व देवरिया के रहने वाले हैं।

**********